प्रभारी सचिव रहे उदयपुरवाटी दौरे पर, विभिन्न जगह को किया निरीक्षण -

प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने छऊ ग्राम पंचायत में नरेगा कार्यो, छावसरी के राजकीय विद्यालय, पीएचसी, गुढ़ा सीएचसी, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा उदयुपरवाटी के अम्बेड़कर छात्रावास एवं अम्बेड़कर भवन का किया औचक निरीक्षण :

झुंझुनू, 11 दिसम्बर। जिला प्रभारी सचिव आलोक एवं जिला कलक्टर रवि जैन ने बुधवार को उदयपुरवाटी की ग्राम पंचाचत छऊ में नरेगा कार्यो , छावसरी के राउमावि एवं राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र , गुढ़ागौढ़जी की राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्र , उदयपुरवाटी का नवनिर्मित कम्यूनिटी अंम्बेड़कर भवन एवं राजकीय अम्बेडकर छात्रावास का औचक निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम औचक निरीक्षण में प्रभारी सचिव ने छऊ ग्राम पंचायत में 15 लाख रूपये की लागत से लेबरों द्वारा तालाब की खुदाई के कार्यो को देखते हुए ढ़लाल वाले क्षेत्र में मिट्टी काट्ने के निर्देश दिए , उन्होंने जयपुर संबंधित से बात कर तालाब की सुव्यवस्थित डिजाईन तैयार कर बीडीओ को निर्देश दिए कि वे यहां कि लोकेशन भेज देवें ताकि टीम आकर इसकी अच्छी डिजाईन तैयार कर सकें। उन्होंने मजदूरों से बात करते हुए उन्हें समय पर मानदेय मिलने एवं नरेगाकर्मी महिला से पेंशन मिलने की जानकारी ली। इस दौरान जिला कलक्टर रवि जैन ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए के वे पंचफल में लगाए गए पेड़ो का देखभाल समय समय पर करते रहे।

छावसरी राजकीय विद्यालय का किया निरीक्षण : छावसरी की राजकीय उच्च मावि का प्रभारी सचिव ने निरीक्षण किया , उन्होंने विद्यालय परिषर में भामाशाह द्वारा लगभग 70 लाख रूपये से बनाए जा रहे नवनिर्मित विज्ञान भवन को देखते हुए कहा कि झुंझुनू जिले के भामाशाहों ने पूरे भारत में अलग पहचान बनाई है , विज्ञान भवन में बनाए जा रहे सांईस लैब , ऐएलऐन कोटा द्वारा करवाई जा रही ऑनलाईन कोचिंग कक्ष, विडियो क्लासेज कक्ष को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों को कहा कि वे निरन्तर विद्यार्थियों अतिरिक्त क्लास लेवें , गांवों

को े चिकित्सा एवं शिक्षा को बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे है। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पूनियां ने प्रभारी सचिव को अवगत करवाया कि कि विद्यालय में 575 विद्यार्थी है, फिजिक्स, कैमेस्ट्री, बायो का विषय है , परन्तु यहां मैथ्स विषय एवं उसका शिक्षक नहीं है , तो प्रभारी सचिव ने जिला कलक्टर को कहा कि वे लेटर जारी कर संबंधित को भेजे , ताकि यहां जल्द यह विषय चालु करवाया जा सके। जिला कलक्टर जैन ने बताया कि राज्य सरकारी की तरफ से ऐएलएन कोटा द्वारा जिले में विद्यालयों को नियुक्त कर ऑनलाईन कॉचिंग करवाई जा रही है। इस दौरान उन्हा ेंन भामाशाह हरिराम मिस्त्री को विज्ञान भवन बनवाने एवं बिल्डिंग की बेहतर डिजाईन के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय हैं कि यह विद्यालय 2017 में टॉप फाईव में रह चुका है।

छावसरी पीएचसी एवं गुढ़ागौढ़जी सीएचसी का किया निरीक्षण : राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छावसरी में प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने प्रसव कक्ष, सामान्य वार्ड, स्टोर रूम, प्रयोगशाला, डॉक्टर कक्ष, टीकाकरण कक्ष, डीडीसी एवं मुख्यमंत्री निशुल्क दवाईयों की जांच की। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. रजनीश को समय पर साफ-सफाई करवाने , डिलिवरी की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

गुढ़ागौढ़जी राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए जिला प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने सीस्टम से अस्पताल में कार्य नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वे अस्पताल में इम्प्रूवमेंट करें, मरीजों के लिए पानी पीने के स्थान को बदलने, वॉस वेशन के टूटे पड़े पाईप को लगवाने, टॉयलेट की खराब स्थिति को ठीक करने के लिए अस्पताल प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने एसडीओ को कहा कि वे अस्पताल की कमियों को दूर करवाएं , जिला कलक्टर ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजन तो हैं, परन्तु यहां प्रवेश करते ही पड़ी मिट्टी को हटाकर इन्ट्रलोक लगवाया जाएगा , शैड लगवाने, डिलिवरी कम होने एवं डिलिवरी के लिए मना करने पर सीएमएचओ कंट्रॉल रूम में शिकायत करने संबंधी बड़े हॉर्डिग्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल मे डायग्नोलोजिस्ट है, तो यहां बड़ी संख्या में डिलिवरी होनी चाहिए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने

अस्पताल के सामने सड़क पर पड़े पानी को हटाने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। 104, 108 ऍम्बुलेंस को अस्पताल परिषर में खड़ा रखने एवं ऍम्बुलेंस ड्राईवर के नम्बर अस्पताल की दिवार पर लिखवाने के निर्देश दिए।

<u>आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण :</u> गुढ़ागौढ़जी आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की गौद भराई करवाई गई , निरीक्षण करते हुए जिला प्रभारी सचिव आंगनबाड़ी कक्ष में रंग रोगन करवाने , अवयवस्थित पड़े पोस्टरों को ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यक्रता से जानकारी ली कि वे तो उन्होंने बताया कि यंहा गर्भवती महिला समय पर टीकाकरण एवं खाना खाने , आयरन की गोली, कैल्सियम की गौली, समय पर जांच करवाने संबंधी जानकारी देते है , साथ ही छोट बच्चों को खिचड़ी , दलिया, एक दो चम्मच नौ महिने तक टीका लगवाने संबंधी जानकारी देते है। जिला कलक्टर ने बच्चों को खिलोने दिए।

<u>नवनिर्मित अम्बेड़कर कम्यूनिटी हॉल के बाकी कार्यो को जल्द पूर्ण करवाने के दिए निर्देश</u> : उदयपुरवाटी में जिला प्रभारी सचिव ने नगरपालिका द्वारा बनाए गए नवनिर्मित अंम्बेड़कर कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां आरओ प्लांट लगवाने, भवन के पीछे इन्ट्रलोकिंग , टैन शैड़, रैन वाटर हारवेस्टिंग ऐरिया का बढ़ाने एवं डैप करने , भवन पर बड़ा सन बोर्ड लगवाने , भवन के बाहर खाली पड़े क्षेत्र में ढ़लान में ग्रास पेड़ पौधे , एवं भवन के चारों कोना पर स्ट्रीट लाईट लगवाने एवं सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा मैनेजमेंट कंट्रॉल में रखने के लिए नगरपालिका ईओ को निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि कम्यूनिटी हॉल के बाकी कार्यो को जल्द पूर्ण करवाकर इसे शुरू करवाया जाएं।

<u>उदयपुरवाटी के अम्बेड़कर छात्रावास का किया निरीक्षण :</u> उदयपुवाटी में राजकीय अम्बेड़कर छात्रावास का निरीक्षण करते हुए जिला प्रभारी सचिव ने बच्चों से खाना एवं नाश्ता समय पर मिलने, गर्म कपड़े, बच्चों को सर्दियों में गर्म पानी से नहाने एवं अनेक जानकारी ली तो बच्चों ने बताया कि उन्हें यहां सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है , प्रभारी सचिव आलोक एवं जिला कलक्टर रवि जैन ने रसोई घर , भोजन कक्ष , शौचालय आदि का निरीक्षण किया और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नरेश बालोठियां से छात्रावास में छात्रों की

संख्या पूछी तो उन्होंने बताया कि यहां 25 छात्र हैं, तो उन्होंने यहां छात्रों की संख्या यहां 50 करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने भवन के बाहर के लगाए हुए झौपड़ पट्टी में रहने वालों का पता कर उन्हें कहीं मकान दिलवाने के लिए नगरपालिका ईओ को निर्देश दिए। जैन ने छात्रों के कक्षों की निरीक्षण किया तो वहां सॉट पड़े पलक को वार्डर से उसे ठीक करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान निरीक्षण में नवलगढ़ एसडीएम मुरारीलाल सैनी , सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।